हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार, 20 मई 2025



### खनिज माफिया की हरकत से भड़के ग्रामीण, की शिकायत

# रेत माफियाओं ने आधी रात खोल दिए सांकरदहरा एनीकट के गेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा नेताओं और अधिकारियों के संरक्षण में फल फूल रहे खनिज माफिया ने भीषण गर्मी और जल संकट के दौर में सांकरदहरा एनीकट के गेट को खोलकर पानी बहा दिया साथ ही राड को भी तिरछा कर दिया है ताकि एनीकट के गेट को पुनः बंद न किया जा सके। पानी बहने के बाद रेत का खनन और परिवहन का रास्ता साफ हो गया है।

उल्लेखनीय है कि डोंगरगांव क्षेत्र के ग्राम करियाटोला, मटिया, बगदई, साल्हे, रातापायली, घोरदा आदि गांव से खनिज माफिया द्वारा बीते कई महीनों से रेत का खनन और परिवहन बेरोकटोक किया जा रहा है। रेत के अवैध खनन के कई मामले सामने के बाद भी कार्रवाई केवल इसलिए नहीं हो रही है पूरे मामले में कई भाजपा नेता और संघ से जुड़े शामिल है। गौरतलब है कि बीते दिनों कुछ जनप्रतिनिधियों ने करियाटोला में शिवनाथ नदी पर बने रैम्प को तोड़कर रेत की निकासी को रोकने का कथित तौर पर प्रयास किया था किन्तु बाद में डील होने के बाद सभी ने अब उधर से मुंह फेर लिया है। वहीं रेत माफिया को राजनीतिक संरक्षण मिलने के बाद खनिज और राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी कार्रवाई करने के बजाए वह भी बहती गंगा में हाथ धोने लगे हैं।



**कार्रवाई पर संदेह**

रेत, मुरूम माफिया पर खनिज और राजस्व विभाग अब तक जिस तरह मेहरबान बना हुआ है उससे इस मामले में किसी प्रकार की कार्रवाई होगी इस पर संदेह बना हुआ है। कहा जा रहा है जांच और कार्रवाई के नाम खानापूर्ति कर अधिकारी इस गंभीर मामले को भी ठंडे बस्ते में डाल देंगे। हांलाकि सांकरदहरा समिति के अध्यक्ष कमल नारायण वैष्णव सहित अन्य ने सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी और जल संसाधन विभाग पहुंचकर घटना की शिकायत करते हुए आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग किया है।

### माफिया ने लांघी सीमा

प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को रेत निकालने की मिली छूट का पूरा फायदा उठाने के बाद माफिया ने लालच में आकर अब पूरी सीमा लांघ दिया है। गौरतलब है कि भीषण गर्मी के दौर में गांव गांव में जलसंकट बना हुआ है। प्रशासन और अन्य जल बचाने के लिए अभियान चला रहे है इसी बीच माफिया ने गुस्ताखी दिखाते हुए छुरिया ब्लाक के अधीन आने वाले मोक्षधाम साकरदाहरा एनीकट के चार गेट का क्षतिग्रस्त कर दिया जिससे पूरा पानी बह गया। ग्रामीणों ने सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपनी शिकायत में बताया कि अज्ञात लोगों ने गेट की राड को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है ताकि गेट बंद न हो सके।

### बढ़ेगा जलसंकट

जानकारी के अनुसार शिवनाथ नदी के सूखने से होने वाली दिक्कत को देखते हुए हाल के दिनों मोगरा बैराज से पानी छोड़ा गया था। पानी आने के बाद रेत माफिया को रेत निकालने में दिक्कत होने लगी थी जिसका रास्ता निकालते हुए शनिवार की रात को एनीकेट के चार गेट को क्षतिग्रस्त कर पानी निकाल दिया। सांकरदाहरा में जहां अस्थि विसर्जन किया जाता है वह क्षेत्र अब पूरा सूख गया है।

### रेत निकासी के लिए बेजा हरकत

बताया जाता है कि भाजपा और संघ से जुड़े रेत माफिया की नजर काफी दिनों से रेत पर जमी हुई थी। यहां से यदा कदा रेत निकलते भी रही है। नदी में पानी होने के कारण रेत माफिया अपेक्षा के अनुरूप रेत का खनन और परिवहन नहीं कर पा रहा था। रेत माफिया की गुस्ताखी के चलते नदी का पूरा पानी बहने के साथ रेत निकासी का मार्ग साफ हो गया है।

## खबर संक्षेप

### आरोपी पर जिला बदर की कार्रवाई

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री, मारपीट सहित अन्य मामले के एक आदतन आरोपी पर जिला बदर की कार्यवाही की गई है।



पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा थाना क्षेत्र के आदतन अपराधियों को जिला बदर की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के आदतन आरोपी नंदकुमार साहू उम्र- 35 साल निवासी बुधवारी पारा, वार्ड नं. 15, जो लगातार वर्ष 2013 से मारपीट, आगजनी, अवैध शराब बिक्री, आर्म्स एक्ट जैसे मामलों संलिप्त रहा है। जिसके जिला बदर की कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन तैयार कर पुलिस अधीक्षक के माध्यम से जिला दण्डाधिकारी के समक्ष प्रकरण पेश किया गया था। जिस पर जिला दण्डाधिकारी द्वारा 16 मई को अनावेदक के जिला बदर की प्रकरण की सुनवाई करते हुये म.प्र,छ.ग, राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा- 3, 5 के तहत कार्यवाही करते जिला राजनांदगांव सहित सरहदी जिलों से 3 माह के लिये हट जाने (जिला बदर) का आदेश पारित किया गया है। पारित आदेश के पालन में अनावेदक नंदकुमार साहू को आदेश की प्रति तामिल कराकर जिला से हट जाने हेतु हिदायत दिया गया है। थाना डोंगरगढ़ द्वारा क्षेत्र के अन्य 9 आदतन अपराधी जैसे शराब कोचियों, सटोरियों, बदमाशों के जिला बदर हेतु प्रतिवेदन भेजी गई है जो जिला दण्डाधिकारी के समक्ष विचाराधीन है।

### मोपेड की डिक्की से उठाईगिरी

**राजनांदगांव।** मोपेड के डिक्की में रखे नगदी रकम की अज्ञात आरोपियों ने उठाई गिरी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थियां के मोपेड में रखे लगभग ढ़ाई लाख रुपए की अज्ञात आरोपियों ने उठाई गिरी कर ली। आज हुए इस घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई है। इस मामले में पुलिस सरगर्मी के साथ आरोपियों की पता साजी कर रही है।

## शिक्षिका के अपहरण मामले में मुख्य आरोपी दिल्ली में पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



एक शिक्षिका का अपहरण कर जबरन शादी का दबाव बनाने के मामले में फरार मुख्य आरोपी को दिल्ली में पुलिस द्वारा पकड़े जाने की खबर है। इस मामले में पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया ने 16 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बेटी शिक्षिका है, वह रोज की तरह अपने गांव से स्कूल के लिए सुबह करीबन साढे 10 बजे जा रही थी कि रास्ते में कुछ अज्ञात लोग एक वाहन में अपहरण कर ले गए है।

### पूर्व में दो आरोपी गिरफ्तार

पुलिस के अनुसार इस मामले में पूर्व में तामेश्वर एवं रोशन को गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई थी। प्रकरण का मुख्य आरोपी अनूप चन्द्राकर फरार चल रहा था जिसकी तलाश पुलिस सरगर्मी से कर रही थी, पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी को पुलिस टीम ने दिल्ली में पकड़ लिया है।

जिस पर पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना में लिया था। बताया गया कि इस मामले में पुलिस टीम आरोपी की पता तलाश हेतु रवाना किया गया था। अपहता को आरोपियों के द्वारा अपहता के मामला के घर दुर्ग जिले के गांव में छोड़ा गया जिसे पुलिस टीम ने खोज निकाला।

## फैक्ट्री में काम रहे नाबालिग की करेंट लगने से मौत

**राजनांदगांव।** सोमनी क्षेत्र के फुलझर में स्थित एक फैक्ट्री में काम करते वक्त एक नाबालिक करेंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना से फैक्ट्री में काम करने वाले अन्य लोगों के बीच सनसनी फैल गई है। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फुलझर में न्यू लूक बायो फ्यूल्स प्रा लि में काम करने के लिए कुणाल मंडावी जिसकी उम्र लगभग 16-17 वर्ष बताई गई है, गया हुआ था। वह जब फैक्ट्री में काम कर रहा था इस दौरान वह बिजली करेंट की चपेट में आ गया। जिसे गंभीर हालत में उपचार हेतु सोमनी चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर इस घटना की जानकारी जैसे ही फैक्ट्री में काम करने वाले अन्य लोगों को हुई तो सनसनी फैल गई है, घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मामले की जांच की जा रही है।

# खबर का असर : शहर के पांच दर्जन सार्वजनिक कुओं की होगी सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भीषण गर्मी के बीच गहराये जल संकट से जल का महत्व समझ आ रहा है । शहर की जनता शिवनाथ नदी के जल पर निर्भर है और शिवनाथ नदी में भी पानी की कमी को देखते हुए नगर निगम द्वारा अन्य जलाशयों से पानी लिया गया है जिससे अभी शहर में जलापूर्ति हो रही है, लेकिन यह जल आपूर्ति पर्याप्त नहीं है। ऐसी स्थिति में शहर के भीतर जो जल स्त्रोत के माध्यम है उनको संरक्षित रखकर काफी हद तक पानी की समस्या को दूर किया जा सकता है। लेकिन इन जल स्त्रोतों के रखरखाव को लेकर विशेष ध्यान नहीं दिए जाने के चलते शहर के अधिकांश कुएं और हैंडपंप बंद हो गए है।

हरिभूमि के द्वारा शहर के सर्वजनिकों कुओं की दुर्गति को लेकर खबर प्रकाशित की गई थी। वहीं निगम द्वारा इन कुओं की सफाई करने के लिए वर्क आर्डर जारी कर शहर में 61 सर्वजनिकों को चिन्हित किया गया है। प्रथम चरण में 15 कुओं की सफाई कराई जाएगी।



भीषण गर्मी के बीच कुओं के पानी का उपयोग नहीं

सार्वजनिक कुओं की दुर्गति, सफाई के अभाव में नहीं हो रहा उपयोग

### सार्वजनिक जल स्त्रोत की स्थिति

नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार शहर में स्थानीय जल स्रोतों को लेकर 856 हैंडपंप है, जिसमें से 471 हैंडपंप चालू है । वहीं 113 ट्यूबवेल है और लगभग 272 हैंड पंप जर्जर होने और मोटर पंप जाम होने की वजह से बंद पड़े हुए हैं। वही तालाबों की बात की जाए तो शहर में 32 तालाब है और सार्वजनिक कुओं की संख्या 98 है।

### 15 जून तक का पानी

शहर की जीवन दायिनी शिवनाथ नदी में शहर के लोगों के लिए 15 जून तक का पानी शेष है। 15 जून से पूर्व मानसून की शुरुआती दिनों में बेहतर बारिश होने से जल की समस्या दूर होगी और मानसून में देरी हुई तो फिर जल संकट और गहरा सकता है।

### सफाई के लिए वर्क ऑर्डर जारी

कुओं की सफाई के लिए टेंडर किए हैं, जिसका वर्क आर्डर जारी हो गया है। प्रथम चरण में सफाई के लिए 15 कुएं चिन्हित किए गए हैं, बाकी कुओं को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाएगा। शहर के कुल 61 कुएं चिन्हित है जिनकी सफाई की जानी है। - **अतुल विश्वकर्मा,** आयुक्त नगर निगम

**पूर्व पार्षद ने सौंपा ज्ञापन**

सर्वजनिकों कुओं की सफाई को लेकर पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है और कुओं के संरक्षण की मांग की है । पूर्व पार्षद ने कहा कि शहर में रियासत कालीन लगभग 200 हुए थे । जिसमें से सैकड़ो कुएं पट चुके हैं, अब चंद कुएं ही बचे हैं, उन्हें भी पाटा जा रहा है । उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष कुएं की सफाई के लिए रुपए खर्च किए जाते हैं लेकिन कुओं की सफाई नहीं होती है। उन्होंने मांग की है कि शहर के सभी सर्वजनिकों की सफाई कराई जाए।

GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

1800+
Success Stories of Chhattisgarh & A Lagecy of Excellence

GOAL छत्तीसगढ़ के सफल छात्रों को AIIMS & JMC RAIPUR में पढ़ने का मौका मिला NEET 2024



NEET की सटीक तैयारी, Goal Institute के साथ !

इस वर्ष नीट 2025 में कठिन प्रश्न आने के बावजूद भी GOAL के 42 QUESTION MATCHED हुए

| NEET 2025 QUESTION | GOAL TEST 2024-25 | DATE |
|---|---|---|
| Q.2 | AITS Flash Back-02 (Q.NO.-50) | 08.09.2024 |
| | SPOT TEST-02 (Q.NO-29) | 22.01.2025 |
| Q.3 | AITS F.B.-04 (Q.NO-13) | 01.12.2024 |
| Q.8 | DPP-25 (Q.NO-02) | 21.04.2025 |
| Q.9 | AITS MAJOR TEST-09 (Q.NO-138) | 13.04.2025 |
| Q.11 | DPP-09 (Q.NO-02) | 11.03.2025 |
| Q.20 | DPP-11 (Q.NO-43) | 18.03.2025 |
| Q.27 | DPP-25 (Q.NO-22) | 21.04.2025 |
| Q.32 | SPOT TEST-14 (Q.NO-13) | 23.04.2025 |
| Q.33 | AITS MAJOR TEST -5 (Q.NO-148) | 16.03.2025 |
| Q.34 | AITS MAJOR TEST-10 (Q.NO-148) | 20.04.2025 |
| Q.42 | AITS MIN TEST-01 (Q.NO-06) | 30.06.2024 |
| Q.43 | AITS FLASH BACK-02 (Q.NO-48) | 08.09.2024 |
| Q.45 | MIN TEST-10 (Q.NO-50) | 29.12.2024 |
| Q.48 | DPP-25 (Q.NO-83) | 21.04.2025 |
| Q.51 | AITS MIN TEST-06 (Q.NO-80) | 06.10.2024 |
| | AITS MAJOR TEST-06 (Q.NO-20) | 23.03.2025 |
| Q.53 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-38) | 23.02.2025 |
| | AITS MAJOR TEST-04 (Q.NO-180) | 09.03.2025 |
| | AITS MIN TEST-04 (Q.NO-79) | 25.08.2024 |
| Q.57 | DPP-03 (Q.NO-90) | 28.02.2025 |
| Q.61 | DPP-06 (Q.NO-83) | 06.03.2025 |
| Q.64* | AITS MIN TEST-08 (Q.NO-93) | 07.11.2024 |
| | SPOT TEST-05 (Q.NO-174) | 19.02.2025 |
| | DPP-02 (Q.NO-156) | 25.02.2025 |
| | DPP-03 (Q.NO-87)* | 28.02.2025 |
| Q.67 | AITS MAJOR TEST-09 (Q.NO-36) | 13.04.2025 |
| Q.69* | DPP-10 (Q.NO-70)* | 17.03.2025 |
| | DPP-20 (Q.NO-71) | 11.04.2025 |
| Q.72 | AITS F.B.-02 (Q.NO-54) | 08.09.2024 |
| | DPP-16 (Q.NO-66) | 28.03.2025 |

| NEET 2025 QUESTION | GOAL TEST 2024-25 | DATE |
|---|---|---|
| Q.75 | AITS MIN TEST-05 (Q.NO-75) | 22.09.2024 |
| Q.79 | AITS MAJOR TEST-04 (Q.NO-150) | 03.03.2025 |
| | SPOT TEST-04 (Q.NO-62) | 09.03.2025 |
| Q.99 | AITS MAJOR TEST-11 (Q.NO-67) | 27.04.2025 |
| | DPP-19 (Q.NO-150) | 10.04.2025 |
| Q.103 | AITS MIN TEST-09 (Q.NO-170) | 15.12.2024 |
| Q.105 | AITS MIN TEST-09 (Q.NO-189) | 15.12.2024 |
| | DPP-21 (Q.NO-144) | 14.04.2025 |
| Q.106 | DPP-03 (Q.NO-163) | 28.02.2025 |
| Q.116 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-102) | 23.02.2025 |
| Q.117 | AITS F.B.-02 (Q.NO-108) | 08.09.2024 |
| Q.122* | AITS MIN TEST-05 (Q.NO.137)* | 22.09.2024 |
| | DPP-18 (Q.NO-137) | 07.04.2025 |
| Q.144 | AITS MIN TEST-08 (Q.NO-146) | 17.11.2024 |
| Q.150 | AITS MAJOR TEST-01 (Q.NO-158) | 16.02.2025 |
| Q.152 | AITS MAJOR TEST-01 (Q.NO-168) | 16.02.2025 |
| | AITS MAJOR TEST-01 (Q.NO-118) | 16.02.2025 |
| | AITS MAJOR TEST-05 (Q.NO-07) | 16.02.2025 |
| Q.155* | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-166)* | 23.02.2025 |
| | AITS MAJOR TEST-03 (Q.NO-31)* | 02.03.2025 |
| | DPP-18 (Q.NO-124) | 07.04.2025 |
| Q.156 | AITS MINORTEST-02 (Q.NO-132) | 09.02.2025 |
| Q.163 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-124) | 23.02.2025 |
| | SPOT TEST-05 (Q.NO-54) | 19.02.2025 |
| Q.166 | AITS MIN TEST-01 (Q.NO-188) | 30.06.2024 |
| Q.169 | AITS MIN TEST-02 (Q.NO-194) | 14.07.2024 |
| Q.175 | AITS MIN TEST-02 (Q.NO-169) | 14.07.2024 |
| Q.180 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-114) | 23.02.2025 |
| | SPOT TEST-13 (Q.NO-79) | 16.04.2025 |
| | DPP-25 (Q.NO-94) | 21.04.2025 |

NEET-2025
Question Paper with Answer Key
TYPE : https://bit.ly/4IW8feR

DIRECT ADMISSION
Goal Bhilai & Bilaspur Centre with Scholarship in Chhattisgarh

- For CBSE Board (Top 20 Merit Students) 70%
- For State Board (Top 20 Merit Students) 70%
- For Army Family's Child 50%
- For JNV Students 50%
- For 2nd & 3rd Dropper Students 40%
- For All Dropper Students 25%

ADMISSION OPEN - 2025-26

DROPPER BATCH
For NEET / JEE- Classes Starts on 23rd, 30th May & 06th, 13th, 20th, 27th, June 2025

FOUNDATION BATCH
For 11th & 12th - Classes Starts on 23rd May & 02nd June 2025

BHILAI: 166, NEW CIVIC CENTRE PH- 0788-4013502 Mob: 74158-84100 98269-43595
RAIPUR: BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711 Mob: 77720-60999
BILASPUR: 2ND FLOOR, AMBE TRADE CENTRE, CMD, LINK ROAD, PH- 07752-320345 Mob: 99264-54100

GOAL BRANCHES : DELHI | PATNA | RANCH | DHANBAD www.goalinstitute.org goal institute_bhilai goalinstitutebhilai

## खबर संक्षेप

### समाधान शिविर संड़ी में 21 और पैलीमेटा में 22 को

**सड़क अतरिया।** सुशासन तिहार अंतर्गत ग्रामीण इलाकों में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आगामी 21 मई को ग्राम पंचायत संड़ी के हाईस्कूल मैदान तथा 22 मई को हाईस्कूल मैदान पैलीमेटा में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में सभी विभागीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। ग्रामीणों से उपस्थिति की अपील किया गया है।

### व्यवसायिक शिक्षा का घर- घर प्रचार

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिनकापार में कक्षा नवमीं में



प्रवेश लेने वाले सभी बच्चों के घर जाकर काउंसलिंग किया गया। प्राचार्य केके साहू के नेतृत्व तथा व्यावसायिक प्रशिक्षक तेजनारायण साहू के मार्गदर्शन में कक्षा नवमी में नव-प्रवेशित बच्चों को व्यवसायिक शिक्षा के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को हेल्थ केयर सब्जेक्ट के बारे में बताया गया। हेल्थ केयर ट्रेड में होने वाली एक्टिविटी जैसे गेस्ट लेक्चर, इंडस्ट्री विजिट, इंटर्नशिप, एसएससी सर्टिफिकेट ऑन जॉब ट्रेनिंग तथा अन्य के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई। पालकों ने इस पहल के लिए व्यवसायिक प्रशिक्षक तेजनारायण की प्रशंसा करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद बच्चों को व्यवसायिक शिक्षा के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

### सुशासन से गरीबों में जागी उम्मीद

**डोंगरगढ़।** जिला पंचायत सभापति अनिता मंडावी ने कहा है कि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार गरीबों को अधिकार दिलाने जुटी है जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने गरीबों को आवास योजना के लाभ से वंचित कर दिया था। मोदी की गारंटी के तहत भाजपा सरकार ने 18 लाख आवास को स्वीकृति दिया है। किसानों का 2 साल का बकाया बोनस दिया गया वहीं धान 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। लोगों को अपनी समस्या हल कराने के लिए अधिकारी या मंत्री के पास नहीं जाना पड़ रहा बल्कि प्रशासन खुद गांव पहुंचकर समस्या का निदान कर रहा है। उन्होंने सभी से समाधान शिविर में शामिल होने का आव्हान किया है।

### एक सप्ताह में तेंदूपत्ता तोड़ाई बंद

**डोंगरगढ़।** ग्रामीण ब्लाक इंका अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने तेंदूपत्ता श्रमिकों के



साथ अन्याय करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि चालू सीजन में 7 मई को तेंदूपत्ता तुड़ाई शुरू कर 14 मई को अधिकारियों ने बंद करा दिया। श्री सिन्हा ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा ने तेंदूपत्ता तोड़ाई 15 दिन कराने, श्रमिकों को बोनस, चरण पादुका देने की घोषणा किया था। अब तक 15 दिन तोड़ाई नहीं कराया गया। श्रमिकों को न बोनस मिला और न चरण पादुका। उन्होंने बताया कि घोटिया, तोतलभर्री उदरीछापर, कोहकट्टा, बरनारा, खुर्सीपार, खोलारघाट सहित सभी फड़ को बंद कर दिया गया है जबकि बड़े जंगलों का पत्ता अभी टूटा नहीं। उन्होंने पुनः तेंदूपत्ता तुड़ाई चालू कराने की मांग की है।

### खतरे के बीच नाले की सफाई कर रहे श्रमिक

**डोंगरगढ़।** पालिका क्षेत्र की चरमराई सफाई व्यवस्था को बरसात के पहले



सुधारने का प्रयास किया जा रहा है। बजबजाती नाली और नाले को साफ किया जा रहा है। पालिका के कर्मचारी खतरा मोल लेते हुए नाले की सफाई करने जुटे हैं। इसी क्रम में बुधवारी मस्जिद के पास पुराने नाले की सफाई के दौरान 3 कर्मचारी बिना सुविधा के घंटो मशक्कत करते रहे जबकि मौके पर 10 मजदूरों की जरूरत थी। मजदूरों से भरपूर काम लिया जा रहा है किन्तु सुविधा मुहैया कराने में कोताही किया जा रहा है।

### स्टेडियम में बढ़े वाक और योग करने वाले

**डोंगरगढ़।** नेहरू विद्यालय स्टेडियम इन दिनों मॉर्निंग वाक, योगा करने



वालों के लिए आकर्षण का केन्द्र बन गया है। स्टेडियम में घास युवकों के दौड़ने, आम लोगों के कसरत करने के लिए हरि घास बिछाई गई है। वहीं जिम और बच्चों के लिए लगाए गए झुले आकर्षण का केन्द्र बने है। लोग यहां पहुंच कर योग अभ्यास करने लगे है।

### सोसायटी में यूरिया की किल्लत, बैरंग लौट रहे किसान

**छुरिया।** मई के चालू पखवाड़ा में किसान खेती की तैयारी में जुट गए हैं। खेतों की सफाई करने के बाद समितियों में ऋण, खाद एवं बीज लेने




किसानों की भीड़ उमड़ रही है। क्षेत्र की अधिकांश समितियों में खाद का संकट गहरा गया है। किसानों को समितियों से यूरिया खाद नहीं मिलने से किसान चिंतित नजर आ रहे हैं। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति छुरिया, बम्हनी, शिकारीमहका, खोभा सहित अन्य सोसायटियों में खाद लेने के लिए किसानों की भीड़ देखी जा रही है। यूरिया खाद नहीं मिलने से किसानों को बैरंग लौटना पड़ रहा है। यूरिया नहीं मिलने से किसान समिति प्रबंधकों के समक्ष अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। समिति प्रबंधक हुकुम साहू ने बताया कि अधिकारियों को यूरिया खाद के लिए मांग पत्र भेजा गया है । यूरिया खाद की रेक आने पर खाद वितरण किया जाएगा।

### एनीकट का लिया जायजा

**डोंगरगढ़।** बरनारा खुर्द में प्रस्तावित एनीकट के अपूर्ण कार्य का निरीक्षण करने एसडीएम, विभाग के एसडीओ, तहसीलदार, पटवारी, वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी पहुंचे। इस दौरान ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा के साथ ग्राम पंचायत घोटिया के सरपंच सुरेश सिन्हा, ग्राम पटेल रेखराम, राम लखन जंघेल एवं किसान उपस्थित थे।

---

विद्युतीकरण में खर्च किया गया 7 करोड़ 33 लाख

# घने जंगल में बसे मजरा टोला के 1280 घर हुए बिजली से रौशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण योजना के तहत 7 करोड़ 33 लाख स्वीकृत कर सघन जंगल में बसे गांव और मजरा टोला को विद्युतीकृत कर दिया गया है। इन बसाहटों में निवासरत 1280 परिवारों का जीवन बिजली की रोशनी से वंचित था। यहां बसे परिवार लालटेन के सहारे अब तक जिंदगी बिता रहे थे। बिजली विभाग ने मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के अस्तित्व में आने के बाद युद्धस्तर पर अविद्युतकृत बसाहटों को रौशन करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही किया जिसके फलस्वरूप 1 साल के भीतर तमाम प्रक्रिया पूरा करते हुए विद्युतीकरण कार्य को पूर्ण किया गया।

जानकारी के अनुसार बिजली विभाग की पहल से ग्राम हुरेली, कुंजकंहार, मरकाटोला, रेंगाटोला, आलकंहार, लमटी, मुंदेली, अमापायली, भुरसा, छुरिया, एकटकंहार, सुअरबोड़, कोतरी, कोरकोट्टी, अडमा, माझीटोला, मालड़ोंगरी, चिल्हाटी, जादूटोला, मरारटोला, सरखेड़ा, जामड़ी, तोलुम, नवागांव, हलोरा, मरापीटोला, तरेगांव, ख्वासफड़की, बसेली, गोटुलमुड़ा, मिचगांव, मरकेली, माल्हर, खैरकट्टा, कांडे, खुर्सेखुर्द, सरोली, पुंगारीटोला, शेरपार, ईरागांव, नेड़गांव, मेढ़ा, कट्टापार, ककईपार, दोरदे, अलकंहार, कटेंगाटोला, सुअरपाल, कुम्हली, तुमड़ीकसा, रानवाही, रेंगाकठेरा, कोरवा, डोकलाकोंडे, मोहला, नेतामटोला, नातीपार, कुडेंराटोला, कुम्हारी, दनगढ़, जिर्राटोला, पदगोंदी, बगनरा, बिहरीकला, कौड़ीकसा, मार्री, एहोड़ा, चांवरगांव, पटेली, मंडावीटोला, मुरेर, नरसूटोला, तोयागोंदी, पाटन वाडवी,वासड़ी, पटेली, गुंडरदेही, पंडरीतरई, आतरगांव, बुटाकसा, परसाटोला, तुमड़ीकसा, घोरदा, माहुद, पांगरी, केसरीटोला, नेतामटोला, करमतरा, हांडीटोला, सिंगरायटोला, ओटेबांधा, हाथीकन्हार, पेन्दलकुही, अडमागोंदी, तिरपेमेटा, रंगकठेरा, केकतीटोला एवं छछानपहरी के पारा, मोहल्ला का रौशन कर दिया गया है।

## अब तक लालटेन के सहारे कटती थी रात



### घर-घर फैली रौशनी

सघन वनों में बसे एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के 100 ग्रामों के पारा, मोहल्ला एवं मजरा टोला में कुल 1280 परिवार निवासरत है, जिसमें 1125 परिवारों को कनेक्शन प्रदान किया जा चुका है। शेष बचे हुए परिवारों को विद्युत कनेक्शन देने की प्रक्रिया जारी है। उक्त ग्रामों के बसाहटों में विद्युतीकरण में कुल 65 किमी 11 के.व्ही.लाईन, 275 नग निम्नदाब पोल विस्तार एवं 60 नग 25 केव्हीए का ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है।

### दिक्कतों के बीच विद्युतीकरण

कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने बताया कि वनों से घिरे इन ग्रामों तक पहुंचने का मार्ग अत्यंत दुर्गम है। उन्होंने बताया कि सघन वन क्षेत्र होने के कारण इन ग्रामों में 11 के.व्ही. लाइनों को बिछानें के लिए वन विभाग से एनओसी लेना पड़ा। मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण योजना अंतर्गत लगभग 7 करोड़ 33 लाख की राशि की प्राक्कलन स्वीकृत कर विषम परिस्थितियों में लाईन खींचकर विद्युतीकरण कार्य किया गया।

---

## स्टीमेट के विरूद्ध निर्माण गुणवत्ता की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विभिन्न निर्माण कार्य में अनियमितता के चलते पालिका



के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। विकास के नाम पर स्वीकृत कार्यों में गुणवत्ता को किनारे कर जमकर कमीशन खोरी की व्यापक चर्चा है। ठेकेदार रिंग बनाकर बिलों में काम लेकर गुणवत्ताहीन काम करा रहे हैं। शिकायत होने के बाद मरम्मत के नाम पर लीपापोती किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार दंतेश्वरीपारा मुख्य मार्ग, एक बत्ती पांच रास्ता में लाखों की लागत से स्टीमेट के विरूद्ध सीसी रोड बनाया गया था जो निर्माण के दूसरे दिन उखड़ने लगी। आननफानन में अधिकारीयों ने ठेकेदार पर दबाव बनाकर सड़क पर सीमेंट का लेप लगवाकर मामले को दबा दिया। अन्य वार्डों में सीसी नाली निर्माण चालू है। स्ट्रीमेट के मुताबिक लंबाई तो ठीक है किन्तु चौड़ाई और मटेरियल की गुणवत्ता सवालों के घेरे में है। निर्माण कार्य में कहीं भी समानता नहीं है। कही मोटा स्लेप है तो कही पतला। नाली भी आड़ी तिरछी है। पार्षद हरीश मोटघरे ने नाली की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए स्टीमेट के मुताबिक निर्माझा कराने की समझाईस दी है। कुछ जगह नाली क्षतिग्रस्त हो गई है जिसके लिए तर्क दिया जा रहा है कि निर्माण बाद वाहनों की आवाजाही से ऐसा हुआ है।

### ठेकेदारों पर कार्रवाई नहीं

लाखों के निर्माण कार्य में खामियां सामने आने के बाद ठेकेदारों पर कार्यवाही नहीं होने से कार्य की गुणवत्ता में सुधार नहीं हो रहा है। चर्चा है कि कमीशन के चलते अधिकारी कर्मचारी और जनप्रतिनिधि गड़बड़ी की अनदेखी कर रहे हैं।

---

## जिपं उपाध्यक्ष ने जताया आभार, दी सौगातें

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह एवं जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा गत दिनों ग्राम बुढानभाट पहुंचे। गांव के शीतला मंदिर प्रांगण में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासियों ने सरपंच एवं पंचों की उपस्थिति में बुथ अध्यक्ष ने पहले ग्राम की समस्या को रखा।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा ने भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बुढानभाट हमेशा से जागरूक गांव है। ग्रामीणों ने हमेशा भाजपा का साथ दिया है। अब हमारी पहली प्राथमिकता ग्राम के सभी समस्या एवं मांगो को जल्द करना है।

इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांतसिंह ने सहजता से स्वीकार करते हुए कहा कि ग्रामवासी हमेशा भाजपा के साथ रहे है। बीते विधानसभा चुनाव में उन्हे गांव के बूथ में बड़ी जीत मिली थी। अब ग्रामवासियों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। ग्रामीणों की सभी मांगो को पूरा किया जाएगा। उन्होंने शीतला मंदिर में टाइल्स के लिए 1लाख, तालाब पचरी 2 लाख, मंच 3 लाख, धारिया में मंच निर्माण 2 लाख की स्वीकृति प्रदान की। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष घम्मन साहू, प्रकाश जंघेल, जनेंद्र जंघेल, भावेश कोचर, जनपद सदस्य मुकेश, शक्ति, नरेश जंघेल, महावीर जैन, ज्ञानसिंह यादव, डोमार चंदेल, सरपंच रामबिलास, उप सरपंच आत्मा राम, दीनू सहित अन्य उपस्थित थे।

---

## 14 मवेशियों के साथ एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई पुलिस ने दौजरी रोड पर कार्रवाई करते हुए 14 मवेशियों को कत्लखाना ले जा रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मवेशियों को जब्त कर कांजी हाउस में सुरक्षित रखवा दिया है।

जानकारी के अनुसार गंडई पुलिस को सूचना मिली कि दौजरी रोड की ओर एक व्यक्ति कुछ मवेशियों को मार, पीटकर और भूखा-प्यासा रखकर नागपुर स्थित कत्लखाना ले जा रहा है।

सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी लालजी पारधी को 14 नग मवेशियों को मारते, पीटते ले जाते पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 और पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया।

### कांजी हाऊस में रखा मवेशियों को

पुलिस टीम ने आरोपी लालजी पारधी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 14 नग मवेशियों को जब्त किया। मवेशियों की कीमत लगभग 1.50 लाख आंकी गई है। जब्त मवेशियों को पंडरिया के कांजी हाउस में रखा गया है। आरोपी लालजी पारधी को गिरफ्तार कर आगे की विवेचना की जा रही है। इस कार्रवाई में आरक्षक शशांक तिवारी और आरक्षक भूपेंद्र कौशिक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---

## मातृशक्ति ने किया सुंदरकांड का पाठ



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

विप्र सामाजिक संगठन समग्र ब्राह्मण परिषद की खैरागढ़-छुईखदान-गंडई मातृशक्ति परिषद् जिला ईकाई ने गायत्री मंदिर प्रांगण स्थित हनुमान मंदिर में राष्ट्रहित की कामना करते हुए सुंदर कांड का पाठ किया। समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद की जिला सचिव स्वाति शर्मा ने बताया कि गत 22 अप्रैल को हुए हमले के बाद 7 मई को दुश्मनों को सबक सिखाने तक की गई कार्रवाई से दुनिया में भारत की साख बनी है। भविष्य में इस तरह की घटना का सामना ने करना पड़े इस कामना के साथ सुंदरकांड का पाठ कर हनुमान जी की आराधना की गई। संगठन की जिलाध्यक्ष बिंदु तिवारी ने बताया कि सुंदरकांड पाठ के बाद 7 बार हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर शैल शर्मा, रूपा उपाध्याय, अर्चना दुबे, श्रद्धा दुबे, श्रद्धा तिवारी, रेणु त्रिपाठी, रेणु चौबे, कविता चौबे, विमला शर्मा, सीमा मिश्रा, खुशबु ठाकुर, कविता ठाकुर, योगिता शर्मा, किरण नामदेव, आकांक्षा उपाध्याय, बिट्टी शर्मा आदि मौजूद थी।

---

## तिरंगा यात्रा में दिखा देशभक्ति का जज्बा



**छुरिया।** ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर नगर में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक कार्यक्रम के तहत तिरंगा यात्रा निकाला गया। नए एवं पुराने बस स्टैण्ड चौक पर बड़ी संख्या में युवाओं और नागरिकों, नगर पंचायत अध्यक्ष ने हाथ में तिरंगा ध्वज लेकर भारत माता की जय, हिन्दुस्तान जिन्दाबाद, वंदे मातरम, जय हिन्द जय जवान के नारे लगाए । इस दौरान नपं अध्यक्ष पटेल ने देश की सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए एकता और अखण्डता पर बल दिया। कार्यक्रम में तहसीलदार विजय कोठारी, नायब तहसीलदार विजय साहू, थाना प्रभारी संतोष भुआर्य, पार्षद दबीज खान, सोनू खान, टामेश्वर कुम्भकार, गौरी सिन्हा, ललिता कुंभकार, सलूजा कोमरे, बिन्दु तीरथ साहू, वसीम कुरैशी, कौशल कुंभकार, सीएमओ, नपं कर्मी आदि शामिल हुए।

---

## शहर में गहराया जलसंकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

गर्मी बढ़ने के साथ शहर का वाटर लेबल नीचे चला गया है और विभिन्न वार्डों के बोर जवाब दे चुके है। घरों के कुएं भी सूख गए है। रिहायशी इलाकों में पानी की किल्लत साफ दिखाई दे रही है। मांग के अनुरूप पानी होने के बाद पालिका के कर्मचारी कमी का हवाला दे रहे है जिससे लोगों की परेशानी बढ़ रही है। संकट का समाधान करने की दिशा में प्रयास करने के बाद अधिकारी छुट्टी, विभागीय बैठक अथवा दौरे के नाम पर बाहर रहकर लोगों को सुविधा मुहैया नहीं करा पा रहे हैं।

---

## बंद नहीं स्कूलों में सुविधा बढ़ाए सरकार: विष्णु

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने प्रदेश सरकार की नीतियों पर गहरी आपत्ति व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 67 नई शराब दुकानें खोलने का निर्णय लिया है वहीं दूसरी तरफ करीब 4000 सरकारी स्कूल बंद किया जा रहा है।

स्कूल बंद करने के साथ 35 हजार शिक्षकों के पद समाप्त किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दोहरी नीति अपनाते हुए लोगों को शिक्षा से दूर कर नशे में डुबोया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में बच्चों की संख्या कम हुई है तो यह अव्यवस्था के कारण हुआ है। उन्होंने कहा कि स्कूल बंद करना समाधान नही बल्कि समस्या से



पलायन करना है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं शिक्षक, पुस्तकें सहित अन्य मुहैया कराना सरकार की जिम्मेदारी सरकार की है किन्तु ऐसा नहीं होने के कारण प्राइवेट स्कूलों की ओर झुकाव बढ़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी स्कूलों के बंद होने से प्राइवेट संस्थानों को बढ़ावा मिलेगा जिससे गरीब तबके के बच्चे शिक्षा से दूर हो जाएंगे। उन्होंने स्कूलों को बंद करने की प्रक्रिया को रद्द करने और 54 हजार शिक्षकों के रिक्त पदों की शीघ्र भर्ती करने की मांग की है।

---

कार्यालयः- उमाकांत भारद्वाज, अधिवक्ता, कामठी लाईन, राजनांदगांव

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार कैलाश राम साहू आ. राम्हू सिंह साहू, निवासी कौरिनभाठा, वार्ड नं.-24, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के स्वामित्व व आधिपत्य की ग्राम खुर्सीपार तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव में भूमि है, जिसका खसरा नं. 327/1 रकबा 0.13 डिसमील है। उक्त भूमि के संबंध में लोमन दास साहू आ.कृपा राम साहू निवासी- ग्राम खुर्सीपार, तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव द्वारा यह कहकर विवाद किया जाता रहा है कि उक्त भूमि उसके स्वामित्व व आधिपत्य की है। उक्त भूमि को विक्रय करने का सौदा लोमन दास साहू व अन्य मेरे पक्षकार से किया था, जिसके पश्चात् विक्रय पत्र का निष्पादन न किये जाने एवं मुकरने के कारण मेरे पक्षकार द्वारा लोमन दास व अन्य के विरूद्ध व्यवहार वाद प्रस्तुत किया गया था, जिसका क्रमांक 12अ/2010 कैलाश राम साहू विरूद्ध लोमन दास साहू व अन्य था जिसमें दिनांक 06.08.2010 को मेरे पक्षकार के पक्ष में निर्णय पारित हुआ एवं उक्त निर्णय के परिपालन में मेरे पक्षकार के पक्ष में विक्रय पत्र का निष्पादन भी हो चुका है। जिसके पश्चात् भूमि स्वामी के रूप में मेरे पक्षकार का नाम दर्ज किया जा चुका है एवं भूमि का कब्जा भी न्यायालय द्वारा मेरे पक्षकार को दिनांक 08.05.2019 को दिलाया जा चुका है।

मुझे ज्ञात हुआ है कि लोमन दास साहू व अन्य द्वारा पुनः उक्त भूमि पर अपना नाम दर्ज कराकर भूमि को विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है। जो कि सही नहीं है। उपरोक्त वर्णित भूमि का स्वामी मेरा पक्षकार है। मेरे पक्षकार को यह भी ज्ञात हुआ कि लोमन दास साहू किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय करने हेतु प्रयत्नशील है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, लोमन दास साहू या अन्य किसी व्यक्ति से उपरोक्त वर्णित भूमि का सौदा न करें। यदि इस सूचना के पश्चात् भी किसी के द्वारा उक्त भूमि का सौदा किया जाता है या भूमि क्रय किया जाता है तो वह अवैधानिक व शून्य होगा।

सूचना जाने।

भवदीय
(उमाकांत भारद्वाज) अधिवक्ता
मो.- 9425243132, 7999756216




**समक्ष :- न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, डोंगरगढ़, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ज्ञापन**

व्य. प्र.क्र.- 21 अ/2023 — पेशी तिथि 18/06/2025
प्रोसेस नम्बर :- 193/25

**सुखीराम महार** - आवेदक/वादी

// विरूद्ध //

**जितेन्द्र सिंह भाठिया वगैरह** - अनावेदक/प्रतिवादी
**बनाम- लक्ष्मण टिवड़ेवाल आ. एस.एन. टिवड़ेवाल उम्र 50 वर्ष निवासी - फ्लैट नं० 204 अशोका रतन शंकर नगर रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.)**

आवेदक के द्वारा जितेन्द्र सिंह भाठिया वगैरह के विरूद्ध इस न्यायालय में व्यवहार वाद प्रकरण ग्राम बागरेकसा स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 545/1, 735, 745, 800, 858 के उद्घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा हेतु पेश किया गया है।

अतः आपत्ति ईश्तहार का प्रकाशन किया जा रहा है, तथा अपेक्षा की जा रही है कि आप, न्यायालय में पेशी दिनांक 18/06/2025 को प्रातः 11:00 बजे वाद का उत्तर देने के लिए, इस न्यायालय मे स्वंय या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा हाजिर हो सकते है जिन्हे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस दावे संबंधित सारवान तथ्यो का उत्तर दे सके, या जिसके साथ कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नो का उत्तर दे सके, आपको यह भी निर्देश दिया है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजो को पेश करे जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

आप को सूचित किया जाता है कि आप अथवा आपका प्लीडर उपर बताई तारीख को इस न्यायालय मे हाजिर नही होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका अवधारण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा, यदि किसी कारणवश उक्त पेशी तारीख को सार्वजानिक अवकाश घोषित किया जाता है या यदि किसी कारणवश कार्य स्थगित किया जाता है तो अगले कार्यदिवस पर प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

अतः आज तारिख 28/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

(शैलेश कुमार वशिष्ट)
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी
डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)


लोकप्रिय एवं मिलनसार व्यक्तित्व की धनी
श्रीमती नम्रता सिंह जी
(जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला भाजपा अध्यक्ष)
को आज जन्मदिन पर
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं
श्रीमती नम्रता सिंह जी
अध्यक्ष, जिला पंचायत
अध्यक्ष, जिला भाजपा
मोहला-मानपुर-अं. चौकी
प्रकाश मिश्रा
मंडल अध्यक्ष मानपुर
कंचन माला भूआर्य
मंडल अध्यक्ष औंधी
अमित श्रीवास्तव
मंडल अध्यक्ष मोहला
कमल कपाड़िया
मंडल अध्यक्ष गोटाटोला
आशीष द्विवेदी
मंडल अध्यक्ष अं.चौकी
संदीप साहू
मंडल अध्यक्ष कोड़ीकसा
विनीत : समस्त भाजपा कार्यकर्ता मोहला-मानपुर-अं. चौकी

# दसवीं के बाद मैथ्स-कॉमर्स से बच्चों का तौबा, तीन दर्जन स्कूलों में शिक्षक होने के बाद भी बच्चे नहीं, अब डीईओ बताएंगे सभी विषय से पढ़ाई के करियर ऑप्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा जैसी चुनौती को पार कर अब ग्यारहवीं पहुंचे बच्चों को आगे किस विषय का चयन करना है, किस विषय को चुनने से क्या करियर ऑप्शन मिलेंगे इसकी जानकारी स्वयं जिला शिक्षा अधिकारी देने वाले है। ब्लॉक वार काउंसलिंग शिविर आयोजित कर हाल ही में दसवीं पास करने वाले बच्चों को इसकी जानकारी दी जाएगी।

यह इसलिए भी जरुरी हो गया है क्योंकि जिले में मैथ्स और कॉमर्स के पर्याप्त शिक्षक होने के बाद भी करीबन तीन दर्जन स्कूल ऐसी है जहां इन विषय को पढ़ने वाले एक भी विद्यार्थी नहीं है। जानकारी के अभाव में बच्चे इन विषयों का चयन नहीं कर रहे है। ऐसे में डीईओ के इस नए प्रयास को एक अच्छी पहल के रूप में भी देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार से लेकर केंद्र सरकार तक गुणवत्तायुक्त निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रही है। सरकारी स्कूलों की हालत सुधारने के साथ ही शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए भी कदम उठाए जा रहे है। इसके साथ ही यह कोशिश की जा रही है कि शहर सहित अंदरुनी गांव तक बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। लेकिन जिले में अब भी ऐसे दर्जनों स्कूल है, जहां पर 11वीं जैसी कक्षा में पहुंचने के बाद भी बच्चे विषय चयन के मामले में भेड़ चाल का पालन कर रहे है। अपने दोस्तों को देखकर बच्चे वहीं विषय चुन रहे है, जबकि उन विषयों से मिलने वाले करियर ऑप्शन के बारे में जानकारी ही नहीं ले रहे है। ऐसे में अब दसवी पास करने वाले बच्चों को सभी विषय के बारे में बताने की तैयारी कर ली गई है।

## गणित, कॉमर्स सहित आर्ट्स और बाकी विषय के बारे में भी दी जाएगी बच्चों को जानकारी

### 163 स्कूल, 20 हजार बच्चे

विषय चयन का मामला इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योकि हर साल जिले में 10 हजार से अधिक बच्चे 11वीं में अपने भविष्य को गढ़ने के लिए विषय का चयन करते है। मिली जानकारी के अनुसार जिले में 163 हायर एवं हाई सेकेंडरी स्कूल है, जिनमें 11वीं-12वीं में लगभग 22 हजार बच्चे है। आंकड़ो में देखे तो जिले की 20 सरकारी स्कूलों की 11वीं कक्षा में कॉमर्स और 38 में गणित के शिक्षक होने के बाद भी बच्चे नहीं है, जो कि गंभीर स्थिति है।




### आर्ट्स-व्यावसायिक पसंद

मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक बच्चे दसवीं के बाद आर्ट्स विषय का चयन कर रहे है। वहीं पिछले कुछ सालों में व्यावसायिक विषय को चुनने वालों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। लेकिन कॉमर्स और गणित के चयन करने वालों की संख्या में भारी गिरावट आई है। बताया गया कि विषयों के कठिन होने के अलावा ग्रामीण इलाकों में जानकारी के अभाव में बच्चे गणित और कॉमर्स से दूरी बना रहे है।

### ब्लॉकवार जाएंगे डीईओ

मिली जानकारी के अनुसार हाल ही में 10वीं कक्षा पास करने वाले ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने 60 फीसदी या इससे अधिक अंक प्राप्त किए है, उनकी ब्लॉकवार काउंसलिंग ली जाएगी। इसमें जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल स्वयं जाकर बच्चों को सभी विषयों की अहमियत एवं उनके करियर ऑप्शन के बारे में जानकारी बताएंगे। बताया गया कि इस बुधवार से शनिवार के बीच यह काउंसलिंग कर ली जाएगी।

---

## समाधान शिविर में हितग्राहियों के समस्याओं का किया गया निराकरण

# लोगों की समस्याओं का समाधान करने प्रशासन पहुंचा ग्राम बोरतलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य शासन की मंशा के अनुसार सोमवार को डोंगरगढ़ विकासखंड के वनांचल ग्राम बोरतलाब में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम के अंतिम व्यक्तियों के शिकायतों एवं मांगों के निराकरण और विभागीय शासकीय योजनाओं से जनसामान्य को लाभान्वित करने के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

बोरतलाब समाधान शिविर में कलस्टर के बोरतलाब, पीपरखारकला, बुढ़ानछापर, बरनाराकला, चिद्दो, अण्डी, चौथना, बछेराभाठा ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई और विभागीय शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। समाधान शिविर बोरतलाब में शासन-प्रशासन पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं और मांगों का समाधान किया गया। सुशासन तिहार के अंतर्गत प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी अधिकारियों द्वारा वाचन कर दिया गया।

समाधान शिविर में कृषि, महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुर्वेद विभाग, खाद्य, आबकारी, वन, राजस्व, परिवहन, समाज कल्याण, शिक्षा, पशुधन विकास, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी दी गई और अपने-अपने विभाग से संबंधित विभागीय योजनाओं से हितग्राहियों को अवगत भी कराया गया। शिविर में श्रमिक कार्ड, केसीसी ऋण, राशन कार्ड, लर्निंग लाईसेंस, ग्राम पंचायतों को पेयजल परिक्षण कीट, बिहान कैडर्स के महिलाओं को अच्छा कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

समाधान शिविर में कलस्टर के बड़ी संख्या में नागरिकों आधार अपडेशन कराया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी देने के साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए स्टॉल लगाया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर, मधुमेह का परीक्षण कराया। स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यकता अनुसार दवाईयों का वितरण किया गया। वही आयुष विभाग के स्टॉल में जनसामान्य को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाईयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगढ़ लता सिन्हा, सदस्य जनपद पंचायत सरिता मंडावी, धनवार सिंह मंडावी, जेठूराम कंवर, सरपंच बोरतलाब कैलाश उके, एसडीएम मनोज मरकाम, तहसीलदार मुकेश ठाकुर, सरपंच, पंच, सचिव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### तीन चरणों में सुशासन तिहार का आयोजन

जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू ने कहा कि सुशासन तिहार तीन चरण में आयोजित किया गया। प्रथम चरण में गांव के विकास एवं निजी समस्या और शासन की योजनाओं से लाभ लेने के संबंध में आवेदनों को लिया गया। इसके बाद दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का निरीक्षण, परीक्षण और सत्यापन किया गया। तीसरे चरण में समाधान शिविर के माध्यम से प्राप्त आवेदनों को समाधान कर लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत आज समाधान शिविर के माध्यम से पूरा प्रशासन यहां आया है, उन्होंने सभी को शिविर का लाभ लेने कहा। जिला पंचायत सदस्य प्रशांत कोडापे ने कहा कि शासन लगातार सुशासन के क्षेत्र में कार्य कर रही है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शासन में व्यक्ति के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

---

## अविभाजित जिले में साढ़े तीन लाख से अधिक वाहन

# पुराने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने अब तक 5% आवेदन!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वर्ष 2019 से पहले के सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह (एचएसआरपी) नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाने हेतु केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 के दिए गए प्रावधानों के तहत सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा अधिसूचना जारी की गई है। उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी आदेश के पालन में छत्तीसगढ़ राज्य में प्रत्येक वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाया जाना अनिवार्य किया गया है।

वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह (एचएसआरपी) प्लेट लगाने एवं अन्य कार्रवाई हेतु वेबसाईट https://cgtransport.gov.in पर लागिन किया जा सकेगा। इसके लिए दो कंपनियों को ठेका दिया गया है। दोनों कंपनियां ही 33 जिलों की लगभग 40 लाख गाड़ियों में नंबर प्लेट लगाएगी, इसलिए www. realmazon.com और www. rosmertahsrp.com में ऑनलाइन आवेदन करना पड़ेगा। नए नंबर प्लेट में इंटरनेशनल रजिस्ट्रेशन कोड होता है। इसमें लेजरयुक्त यूनिक सीरियल नंबर होता है। इसकी मदद से रात में भी कैमरा नंबर प्लेट की फोटो खींच सकेगा। नंबर प्लेट में अशोक चक्र का 3-डी होलोग्राम की होता है। यह क्रोमियम बेस्ट होलोग्राम होता है। इस होलोग्राम को बदलकर दूसरा नहीं लगाया जा सकता। इसमें आईडेंटिफिकेशन नंबर लेजर ऐड कोटेड होता है। इस वजह से नंबर प्लेट पर पेंट नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा इस नए नंबर प्लेट में कुछ और तकनीके भी है।



### ई-चालान से बचने

केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम में दिए गए प्रावधान एवं ई-चालान की कार्रवाई से बचने के लिए 19 मार्च 2025 के भीतर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट लगवाना अनिवार्य किया गया था। मोटर वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट हेतु जारी निर्देशों का पालन नहीं होने पर केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम एवं नियमों के अनुसार जुर्माना किया जाएगा।

### साढ़े तीन लाख वाहन

अविभाजित राजनांदगांव जिले में साढ़े तीन लाख से ज्यादा वाहन है। जिसमें नई हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाया जाना है। लेकिन अब तक पांच प्रतिशत से भी कम वाहनों में ही हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगे हैं। मिली जानकारी के अनुसार लगभग 12 हजार लोगों ने ही अब तक आवेदन किया है। **नई गाड़ियों में आ रही नंबर प्लेट :** अप्रैल 2019 के बाद जितनी भी गाड़ियां आ रही है, उसमें हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट कंपनी से ही लगाकर भेजा जा रहा है। ऐसे में अप्रैल 2019 से खरीदी गई वाहनों पर नए नंबर प्लेट लगाने की आवश्यकता नहीं है।

---

# खूबचंद पारख गौशाला पिंजरापोल के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए





**राजनांदगांव।** रियासत काल से गौ सेवा के रूप में अपनी सेवाएं देने वाली सुप्रसिद्ध संस्था गौशाला पिंजरा पोल की वार्षिक आमसभा में मुख्य निर्वाचन अधिकारी दामोदरदास मुंदडा की उपस्थिति में संस्था के त्रिवर्षीय चुनाव संपन्न हुए।

निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस बार पुनः खूबचंद पारख को अध्यक्ष एवं श्रीचंद कोचर को हिसाब निरीक्षक के लिए चुना गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। गौशाला पिंजरा पोल के सचिव पुरुषोत्तम गांधी ने जानकारी देते हुए बताया कि 1987 से श्री पारख संस्था के सचिव, उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष के दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। उनकी सफलतापूर्वक सेवा से अभिभूत होकर गौशाला पिंजरा पोल के सभी सदस्य एक राय से उनके अध्यक्ष बनने पर सहमत हुए और निर्विरोध अध्यक्ष पद पर उनका चयन किया गया।

इस अवसर पर उदयाचल, समता मंच, बढ़ते कदम, गायत्री परिवार एवं शहर की सभी गणमान्य संस्थाओं ने खूबचंद पारख को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## राकेश सिंह का पॉक्सो मामले के लिए सपोर्ट पर्सन चयन



**राजनांदगांव।** लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के अधीन पाक्सो सपोर्ट पर्सन इम्पैनलमेंट कमेटी की अनुशंसा पर साक्षात्कार के माध्यम से राकेश शंकर सिंह राजपूत का चयन किया गया है।

राकेश शंकर सिंह राजपूत पाक्सो पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिये कार्य करेंगे।

---

# 5वीं में 55 व 8वीं में 77 विद्यार्थी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गायत्री विद्यापीठ सीजी अंग्रेजी माध्यम के कक्षा पांचवी एवं आठवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहे। शासन के आदेशानुसार वर्ष 2024-25 में पांचवी और आठवीं बोर्ड परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।



कक्षा पांचवी के 55 विद्यार्थियों में प्रथम हरगुन कौर गोगना एवं सृष्टि बनाफर 98 प्रतिशत, लीसा रावडे, वेक्षा साहू 97 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान पर भी दो विद्यार्थी आराध्या बाजपेयी एवं प्रिंसी पंसारी 96.50 प्रतिशत रहे।

वहीं कक्षा आठवीं के 77 विद्यार्थियों में से प्रथम स्थान पर गुलशन साहू 93.66 प्रतिशत, द्वितीय कुसुम कुमावत 93.15 प्रतिशत और तृतीय स्थान पर हीना खान 91.16 प्रतिशत रहे। सभी सफल विद्यार्थियों का शाला परिवार की ओर से अभिनंदन करते प्राचार्य पिंकी खंडेलवाल ने कहा कि हमारी शाला के बोर्ड परीक्षा परिणाम ने शहर में अपनी अलग पहचान बनाई है।

इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, अनिल बाजपेयी।

पिंकी खंडेलवाल, शैलजा नायर, सीमा श्रीवास्तव, वंदना डुंभरे, रश्मि ठाकुर, तामेश्वरी साहू, प्रणव दवे एवं तरणजीत सिंह टूटेजा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। साथ ही सुकान्त सरकार, अर्चना श्रीवास्तव, कल्पना श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

---

# सांसद ने देखा तालाब गहरीकरण का कार्य



■ जरूरतमंदों को दिया जा रहा मुरूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

नगर पंचायत के नए बस स्टैण्ड स्थित तालाब में नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल एवं पार्षदों की पहल पर गहरीकरण कार्य निःशुल्क कराया जा रहा है। यहां से जरूरतमंदों को मुरूम दिया जा रहा है।

सांसद संतोष पांडे ने नगर प्रवास के दौरान तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, चंद्रिकाप्रसाद डड़सेना, गीता साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष कांता साहू, राजेश्वर धुर्वे, शेखर भरद्वाज, सुरेन्द्रसिंह भाटिया, राधेश्याम शर्मा, नीरज यादव, सोनू कसेर उपस्थित थे। सांसद पांडेय ने नगर पंचायत अध्यक्ष के कार्यों की प्रशंसा की। तालाब गहरीकरण होने से नगरवासियों को निस्तारी की समस्याओं से निजात मिल सकेगी।

---

# चाकू दिखाकर लोगों को डराया, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चाकू दिखाकर लोगो को डराने धमकाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों, संदिग्धों, चाकूबाजों एवं अन्य असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्रवाई कर रही है इसी कड़ी में 19 मई को डोंगरगढ़ पुलिस को सूचना मिली कि 2 व्यक्ति मेला ग्राउण्ड छीरपानी डोंगरगढ़ के पास धारदार चाकू दिखाकर लोगों को डरा-धमका रहा है ।

**बटनवाला चाकू बरामद**

इस सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पंहुचकर आरोपी शिव चन्द्रवंशी उम्र- 19 साल निवासी रजानगर नाका के पास डोंगरगढ़ एवं संजय साहू उम्र- 22 साल निवासी मजार के पास डोंगरगढ़ को लोगों को चाकू दिखाकर डराते धमकाते रंगे हाथ पकड़कर आरोपियों से 2 नग बटनवाला धारदार चाकू जप्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध धारा- 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

---

## नगर निगम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन

# शहर की समस्याओं के निदान के लिए रिटायर्ड कर्मचारी बैठे आमरण अनशन पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में व्याप्त समस्याओं के निराकरण को लेकर एक बार फिर छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के बैनर तले रिटायर्ड कर्मचारियों ने नगर निगम के सामने आमरण अनशन की शुरुआत कर दी है।

इनके द्वारा लगभग 40 दिन पूर्व भी आमरण अनशन किया गया था। तब समस्याओं के निराकरण को लेकर महापौर द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाद अनशन समाप्त कर दिया गया था, लेकिन समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर एक बार फिर अनशन की शुरुआत की गई है। नगर निगम सहित अन्य संस्थाओं में कार्यरत विभिन्न रिटायर्ड कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के बैनर तले नगर निगम कार्यालय के सामने पंडाल लगाकर आमरण-अनशन करते हुए 12 बिंदुओं पर अपनी मांगे रखी है । इस दौरान उन्होंने अपनी मांगे पूरी करने नारेबाजी की ।

**जल और सफाई पर फोकस :** शहर में ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पूर्व की भांति दोनों समय समुचित पेयजल प्रदान करने और इस जल समस्या में दोषी अधिकारी कर्मचारी पर कार्रवाई करने की मांग करते हुए वार्ड में संक्रमित बीमारियों को ध्यान में रखकर समुचित साफ-सफाई, नालियों में दवाइयां के छिड़काव की व्यवस्था करने, हीट वेव की स्थिति से निपटने के लिए नगर निगम द्वारा व्यापक कदम उठाए जाने सहित अन्य मांग की गई है ।

### खास बातें

- शहर की समस्याओं के निदान के लिए छममु के बैनर तले प्रदर्शन
- अनशन स्थल पर की नारेबाजी




### महिनेभर पहले आश्वासन पर नहीं हुई कार्वाई

आमरण अनशन पर बैठे छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रेमनारायण वर्मा ने कहा कि पेयजल, शहर की सफाई व्यवस्था, बारिश पूर्व नालियों की सफाई, नगर निगम कर्मचारियों को समय पर वेतन, एरियर्स सहित अन्य मुद्दों को लेकर आमरण अनशन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बीते 10 अप्रैल को भी इन्हीं सब मुद्दों को लेकर अनशन की शुरुआत की गई थी। 11 अप्रैल को आश्वासन देने के बाद अनशन खत्म किया गया था। 40 दिन इंतजार करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने पर फिर से आमरण-अनशन किया जा रहा है।

---

## बूटस्ट्रैप कार्यशाला 21 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग अंतर्गत उद्योग संचालनालय द्वारा रेंजिंग एंड एक्सलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (रेम्पअप) पहल के तहत निर्यात को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। इस पहल के अंतर्गत भारतीय विदेश व्यापार संस्थान कोलकाता के सहयोग से 6 मई से 25 जून तक राज्यभर में निर्यात जागरूकता एवं मार्गदर्शन पर एक दिवसीय बूटस्ट्रैप कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

इस श्रृंखला की एक कार्यशाला 21 मई को सुबह 10 बजे से होटल अवाना राजनांदगांव में आयोजित की जाएगी। यह कार्यशाला निःशुल्क है और इसमें छत्तीसगढ़ राज्य के सभी इच्छुक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई), उद्यमी तथा संबंधित हितधारक भाग ले सकते हैं।

कार्यशाला का उद्देश्य प्रदेश के एमएसएमई इकाइयों एवं संभावित निर्यातकों को निर्यात प्रवेश, प्रक्रिया, वैश्विक बाजारों तक पहुंच, योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन प्रदान कर उनकी निर्यात क्षमताओं को सशक्त करना है।



## खबर संक्षेप

### अमली-मालगी में शिव महापुराण कथा महोत्सव आज से

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम अमली-मालगी में



सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन 20 से 27 मई तक समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। वहीं सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा की तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिसमें कथा वाचक आचार्य प्रशांत महाराज (दुल्लापुर) द्वारा श्री शिव महापुराण कथा का रसपान ग्राम अमली-मालगी सहित आसपास क्षेत्र के भक्तजनों को श्री शिव महापुराण कथा श्रवणपान कराया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर संगीत में श्री शिव महापुराण कथा श्रवण कर अपने जीवन को कृतार्थ करने अपील की गई। वहीं सात दिवसीय श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के आयोजन से आसपास क्षेत्र में भारी भक्तिमय का माहौल बना हुआ है।

### जिले में स्वास्थ्य जांच शिविर का भव्य आयोजन कल

**हरिभूमि कवर्धा।** जिला स्वास्थ्य अधिकारी कवर्धा द्वारा 21 मई को प्रातः 9:00 बजे से आयुष्मान क्लिनिक गंगानगर में सभी पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिक गणों के स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविर में सभी प्रकार की जांच की जाएगी, यदि उन्हें पहले से कोई भी तकलीफ है और उसकी दवा आदि ले रहे हैं तो उसकी संपूर्ण जांच रिपोर्ट आदि लेकर अवश्य ही आवें।

कार्यालय नगर पंचायत स/लोहारा
जिला कबीरधाम (छ.ग.)

**ईश्तहार/ अधिपत्य हस्तांतरण की सूचना**

नामांतरण प्रकरण क्रमांक दिनांक 681/15/2025

एतद् द्वारा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रं.10 सहसपुर लोहारा स्थित निजी भूमि खसरा नंबर 541/84 रकबा में निर्मित भूतल पक्का मकान क्षेत्रफल 418 एवं कच्चा मकान क्षेत्रफल 667 वर्गफीट जो नगर पंचायत के राजस्व अभिलेख वर्ष 2024-25 (समेकितकर/ संपत्तिकर पंजी) के क्रमशः सरल क्रं. 15 में श्रीमती अंजनी दुबे पति राजेन्द्र दुबे के नाम में दर्ज है। उक्त निर्मित भवन को स्वयं श्रीमती अंजनी दुबे पति राजेन्द्र दुबे एवं पक्का भवन अपने पुत्रवधु श्रीमती अल्का दुबे पति विवके दुबे के बीच आपसी सुलह से बटवारा होने उपरांत ख. नं. 541/84 में निर्मित पक्का मकान क्षेत्रफल 418 वर्गफीट श्रीमती अल्का दुबे पति विवके दुबे को धारा 150 के तहत नाम परिवर्तन/ नामांतरण हेतु इस कार्यालय को आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्ताशय के संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था/ फर्म को उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है तो इस प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित दस्तावेजमय लिखित में आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी दावा आपत्ति/ सुनवाई स्वीकार नहीं की जावेगी।

मुहर
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत सहसपुर लोहारा

### कवर्धा कोतवाली पुलिस ने शिकायत के आधार पर की बड़ी कार्रवाई

# प्रलोभन देकर धर्मांतरण का प्रयास करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

बीते रविवार को जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित कैलाश नगर के एक मकान में बाहर से आए लोगों का धर्मांतरण कराए जाने के मामले में कवर्धा कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध बीएनएस और छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि बीते रविवार को जिला मुख्यालय कवर्धा के कैलाश नगर स्थित एक मकान में एक धर्म विशेष द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में बाहरी लोग जुटे थे।

जिसकी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे हिन्दू संगठन के लोगों का प्रार्थना सभा के आयोजकों से वाद विवाद भी हुआ था और उन्होने मामले की लिखित शिकायत कवर्धा कोतवाली में दर्ज कराई थी। ऐसी ही शिकायत थाना पाण्डातराई क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कारीमाटी निवासी एक व्यक्ति द्वारा थाना कवर्धा में प्रस्तुत जानकारी दी थी कि चर्च परिसर में संचालित एक निजी विद्यालय के पदाधिकारी द्वारा बीमारी ठीक करने, आर्थिक सहायता देने तथा जीवन में सुधार लाने जैसे प्रलोभनों के माध्यम से धर्मांतरण का प्रयास किया गया। जिस पर थाना कवर्धा पुलिस द्वारा गंभीरता से परीक्षण कर प्राथमिक जांच की गई, जिसमें गवाहों के कथन, उपलब्ध तथ्यों एवं परिस्थितियों के आधार पर आरोपी जोस थॉमस, निवासी चर्च परिसर, कवर्धा के विरुद्ध बीएनएस और छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी जोस थॉमस को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है जहां से उसे जेल भेजने की प्रक्रिया पूर्ण की गई है। पूरी कार्यवाही पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य (भापुसे) के मार्गदर्शन में, पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल और अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कृष्ण कुमार चंद्राकर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कवर्धा निरीक्षक लालजी सिन्हा एवं उनकी टीम द्वारा त्वरित एवं विधिसम्मत कार्यवाही की गई।

#### पुलिस अधीक्षक ने लोगों से की अपील



फाइल फोटो

पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कबीरधाम पुलिस संविधान द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता का पूर्ण सम्मान करती है, परंतु जबरन, धोखाधड़ी से अथवा प्रलोभन देकर धर्मांतरण करना कानूनन अपराध है, तथा ऐसे किसी भी प्रयास को रोका जाना हमारी प्राथमिकता है। जिला पुलिस सभी नागरिकों से अपील करती है कि धार्मिक सद्भाव बनाए रखें, किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक सूचनाओं से दूर रहें, एवं यदि किसी को इस प्रकार की कोई सूचना या शिकायत हो, तो वह तत्काल स्थानीय थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचित करें। आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी, कबीरधाम पुलिस कानून, आस्था और सामाजिक समरसता की सजग प्रहरी।



## बांस प्लाट में अज्ञात लोगों ने लगाई आग, लाखों का बांस जलकर खाक

- ग्राम पंचायत मड़मड़ा की घटना, जांच में जुटी पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶पाण्डातराई

ग्राम पंचायत मड़मड़ा के बांस प्लाट में बड़ी मात्रा में कटाई कर रखे हुए बांस प्लाट में रविवार की दरमियानी रात को अज्ञात लोगों ने पेट्रोल का उपयोग कर आग लगा दी। इससे बांस प्लाट मालिक को लाखों रुपए का नुकसान व बांस जलकर राख हो गया। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मड़मड़ा में वर्षो से बांस प्लाट संचालित किया जा रहा है, जो ग्राम पंचायत के आय का स्त्रोत है। इससे मिलने वाले आवक से गांव में विकास कार्य किए जाते हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी ग्राम के बांस प्लाट में बांस कटाई का काम चल रहा था। वहीं बड़ी मात्रा में बांस काटकर रखा गया था, लेकिन बीती रात करीब 12 बजे अज्ञात लोगों ने बांस प्लाट के काटे हुए बांस को पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया गया जिससे लाखों रुपए के बांस जलकर राख हो गया। घटना स्थल में उपस्थित बांस काटने वाले मजदूरो से मिली जानकारी के अनुसार बांस के जलने की आवाज सुनी तो देखा कि बांस के एक बड़े प्लाट में आग लग चुकी थी, जो तेजी से फैल रही थी। वहीं आसपास देखा तो पता चला कि दूसरे बांस प्लाट में भी पेट्रोल छिड़का गया है और चार-पांच प्लास्टिक के डिब्बे पड़े हुए थे। जिसमें पेट्रोल लाया गया था और माचिस की तीली भी बिखरी पड़ी हुई थी। जिसकी जानकारी चौकीदार को दी, उन्होने उन्होंने ग्राम के सरपंच और अन्य लोगों को सूचित किया। मौके पर घटना स्थल पहुंच कर सरपंच और पंचों द्वारा आग पर काबू पाने की कोशिश की गई लेकिन आग की लपटे इतनी भीषण व तेज थी कि सभी बंस प्लाट को अपने चपेट में लिया। इससे ग्राम पंचायत को भारी नुकसानों का सामना करना पड़ा। वहीं ग्राम पंचायत सरपंच व सचिव सहित पंचों ने उक्त घटना की शिकायत स्थानीय पुलिस को दी और कड़ी कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने मौकें पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात लोगों की पहचान कर उनकी तलाश की जाएगी।

## गुढ़ा स्कूल में छात्राओं ने किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शासकीय हायर सेकेंण्डरी गुढ़ा स्कूल में स्कूली छात्र छात्राओं ने पौधरोपण कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान स्कूल परिषर में विभिन्न प्रकार के पौधरोपण किया गया, जिनमें चंदन, मियाजांठी, नूरजहां महारानी, सुब, नीबू, जाम, बारहव और बेर, लीची जैसे पौधे शामिल थे। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य सुशील चन्द्रवंशी, एसएमसी अध्यक्ष नीलू धुर्वे, उपाध्यक्ष रुपलाल साहू, पूर्व अध्यक्ष आरिफ खान, कृष्णा साहू और कक्षा 10वीं के छात्र छात्राओंन हिस्सा लिया। वहीं छात्र छात्राओं व सेवाकर्मी ने पौधरोपण के महत्व को समझा और पौधों की देखभाल के लिए संकल्प लिया।

## सुधार व मरम्मत कार्य के अभाव में हैंडपंप खराब, ग्रामीण परेशान

- दूर-दराज से पेयजल लाने मजबूर ग्रामीण रहवासी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम सारंगपुर खुर्द, नाऊडीह, जमुनिया, दौजरी, जेवड़न खुर्द, बाझीमोहा व बरबसपुर सहित ग्राम सिंघनपुरी सहित आसपास क्षेत्र के गांवों में देखरेख व सुधार तथा मरम्मत कार्य के अभाव में हैंडपंप बंद व खराब पड़ा हुआ है। जिससे ग्रामीण रहवासियों को पेयजल के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने क्षेत्र के जिम्मेदारों व जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने तथा हैंडपंप की सुधार कार्य की मांग की गई ताकि राहवासियो को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकें। ग्रामीणों ने बताया कि इस भीषण गर्मी में ग्रामीण



महिलाएं दूर दराज से पेजयल लाने मजबूर है। वहीं क्षेत्र में बिजली बंद हो जाने की स्थिति में गांव के हैंडपंप के सहारे ही गुजर-बसर किया जाता है लेकिन वर्तमान में हैंडपंप ही बंद हो जाने के कारण ग्रामीणों की मुसीबत और बढ़ गई है। जिस पर क्षेत्रवासियों ने इस ओर ध्यान देने तथा बंद व खराब हैंडपंप की सुधार कार्य कराए जाने की मांग की गई ताकि ग्रामीण रहवासियों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना ना पड़ें।

## व्यावसायिक शिक्षा में विद्यार्थियों ने सीखी आम का स्क्वैश बनाने की विधि



**हरिभूमि बोड़ला।** समग्र शिक्षा द्वारा संचालित व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बोड़ला में ग्रीष्मकालीन गतिविधियों की श्रृंखला में विद्यार्थियों को आम का स्क्वैश बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रशिक्षण का संचालन कृषि व्यावसायिक प्रशिक्षक प्रदीप सिंह द्वारा किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और रुचि से भाग लिया। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को आम का स्क्वैश बनाने की विस्तृत विधि सिखाई गई। जिसमें सबसे पहले पके हुए आमों को धोकर छीलें और काट लें फिर ब्लेंडर में डालकर बारीक पेस्ट बना लें, एक बड़े पैन में पानी और चीनी मिलाकर उबालें, उसमें साइट्रिक एसिड या नींबू का रस डालें और 7-8 मिनट तक तब तक उबालें जब तक कि एक तार की चाशनी न बन जाए,अब इसमें आम की प्यूरी डालें और 10 मिनट तक उबालें,अब मिश्रण को ठंडा होने दें। ठंडा होने के बाद इसे स्टरलाइज की गई कांच की बोतलों में भरें। बोतलों को ठंडी और सूखी जगह पर संग्रहित करें। उपयोग के समय 1 भाग स्क्वैश को 3 भाग ठंडे पानी में मिलाकर परोसें। यह पेय गर्मी में ताजगी और ऊर्जा प्रदान करता है। कार्यक्रम में स्कूल स्टॉफ के शिक्षक विमल यादव, सुमित ठाकुर, भूपेंद्र चंद्राकर, पायल कसेर, रेचल तिर्की, ज्योति किरण, श्रीमती घनश्याम वर्मा एवं विनीता मरकाम सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थें। इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों को जीवनोपयोगी व्यावहारिक कौशल प्रदान करना रहा, जिसे विद्यार्थियों ने न केवल देखा बल्कि स्वयं करके भी अनुभव किया।

## ऑपरेशन सिंदूर के तहत नौ-जवानों के लिए किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा




हाल ही में सफल रहे ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धियों व राष्ट्रीय स्वाभिमान को मजबूत किया। वहीं भारतीय सेना के सम्मान में ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत भारत के उन नौ-जवानों के नाम छत्तीसगढ़ कवर्धा से रक्तदान कर राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय व जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू के समक्ष भारत के नौ-जवानों के लिए रक्तदान करते हुए भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष पंचराम कोशले साथ ही भाजपा जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, सुनील जोशी, सनत साहू, कमलेश द्विवेंदी, दिनेश विश्वकर्मा एवं समस्त भाजपा के श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## विधायक की अनुशंसा से बाजार चौंक चबूतरा के बोर में हैंडपंप लगाया गया



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कंझेटा पेयजल की समस्या को देखते हुए ग्राम कंझेटा व क्षेत्रवासियों ने पानी की समस्या को लेकर क्षेत्र की विधायक श्रीमती भावना बोहरा से की गई। जिस पर विधायक ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए ग्राम कंझेटा में बाजार चौंक स्थित चबूतरा में बोर खनन करवाया गया। वहीं रविवार को हैंडपंप लगाया गया, जिससे ग्राम कंझेटा के रहवासियों को पेयजल की समस्या से निजात मिली। जिस पर रहवासियों ने क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा का सरपंच भागीरथी सोनवानी, दीपचंद चंद्रवंशी, रामकृष्ण तिवारी, बबलू चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, लोकनाथ चंद्रवंशी, मुरली, ओंकार व समस्त ग्रामवासियों ने आभार व्यक्त किया।

## गर्मी धान फसल की कटाई शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव, घोरपेंण्ड्री, बसनी, भगतपुर, धनेली, मोहतरा-कला, कुण्डा व दामापुर क्षेत्र में ग्रामीण किसानों द्वारा बड़ी मात्रा में गर्मी धान फसल की पैदावार की गई, वहीं गर्मी धान फसल खेतों में परिपक्य होकर तैयार हो चुके है। वहीं क्षेत्र के ग्रामीण किसान इन दिनों गर्मी धान फसल की कटाई कार्य में जुट चुके है। ग्रामीण किसानों से मिली जानकारी के अनुसार शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों मौसम में उथल पुथल व तेज आंधी-तुफान के साथ बारिश होते देख ग्रामीण व क्षेत्र के किसान गर्मी धान फसल की कटाई जोर शोर से किया जा रहा है। वहीं किसान गर्मी धान फसल की अच्छी पैदावार को देखते हुए किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठें है। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि गर्मी धान फसल बरसात की फसल के अपेक्षा अच्छी पैदावार तथा इसमें कीड़ा व अन्य बीमारियों से बचाती है।

### 120 से अधिक ग्रामवासियों ने निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करवाया

## रणजीतपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

विधानसभा पंडरिया क्षेत्रांतर्गत अंतर्गत ग्राम रणजीतपुर मे आयोजित स्वास्थ्य जांच कैम्प में विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा संचालित निःशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब के माध्यम से 120 से अधिक ग्रामवासियों ने अपना निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। इस मोबाइल हेल्थ पैथ लैब के माध्यम से पंडरिया विधानसभा सहित जिले के आस-पास के क्षेत्रों में ग्रामवासियों को इसका लाभ मिल रहा है और वे निःशुल्क अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवा रहें हैं। इस हेल्थ लैब में 20 से अधिक प्रकार के गंभीर और सामान्य परीक्षण की सुविधा उपलब्ध है। विधायक ने अपने विधानसभा के नागरिकों के लिए कई योजना संचालित कर रही है इसमें ये स्वस्थ परीक्षण योजना एक महत्वपूर्ण योजना है, इससे ग्रामीण जो इलाज के लिए शहर नही पहुंच सकते वे अपना इलाज जांच कैम्प में ही करा सकते है, इसमें शरीर के 20 से अधिक प्रकार की जांच व उपचार होता है। जिस पर सरपंच छबि साहू ने बताया कि स्वास्थ्य कैम्प में रंजीतपुर सहित आसपास के ग्रामीणों ने भी स्वास्थ्य कैम्प आकर अपना जांच कराया है यह योजना ग्रामीणों के लिए अति महत्वपूर्ण योजना है।

## रेंगाखार कला में राजस्व शिविर का आयोजन आज

- राजस्व संबंधित विभिन्न समस्याओं का होगा त्वरित निराकरण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर विकासखंड बोड़ला अंतर्गत तहसील रेंगाखार कला अंतर्गत ग्राम पंचायत रेंगाखार कला में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए 20 मई को राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह 09 बजे से प्रारंभ होगा।

शिविर में तहसील रेगाखार कला एवं उप तहसील लोरमी जंगल के हल्का एवं उनके अधीन आने वाले ग्राम पंचायतों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। शिविर में राजस्व प्रकरणों का निराकरण यथा विवादित नामांतरण, बंटवारा, विवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, ऋण पुस्तिका प्रदान करना, नक्शा अद्यतन बटांकन, आय, जाति, निवास-प्रमाण पत्र, डिजिटल हस्ताक्षर करना, आधार नंबर एकत्र करना, मोबाईल नम्बर एकत्र करना, अभिलेख शुद्धता, त्रुटि सुधार के आवेदन, व्यपवर्तन, स्वामित्व योजना से संबंधित कार्य, कोटवारी भूमि के विक्रय की जानकारी सहित समस्त राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

इसके लिए 17 एवं 18 मई को कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसील एवं उप-तहसील कार्यालय में आवेदन प्राप्त किए गए है। 19 मई को प्राप्त आवेदनों की छंटनी की जाएगी। वहीं 20 मई को ग्राम पंचायत रेंगाखार कला में शिविर स्थल पर समाधान एवं निराकरण किया जाएगा। राजस्व शिविर में तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहेंगे। राजस्व न्यायालय से संबंधित, भूमि-अभिलेख से जुड़े मामलों के लिए भी आवश्यक निर्देशानुसार कार्यवाही की जाएगी, शिविर में प्राप्त आवेदनों का पंजीयन पृथक से कर समाधान की कार्यवाही की जाएगी।

**घटना:** गांव में शोक की लहर, प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद की मांग

# सिंगारपुर में आकाशीय बिजली गिरने से ग्रामीण कृषक दंपती की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अंचल में बीते कई दिनों से बनते बिगड़ते मौसम के बीच बीते रविवार की शाम जिले के कवर्धा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगारपुर में आकाशीय बिजली की चपेट में आने एक ग्रामीण दम्पत्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना कवर्धा पुलिस तथा प्रशासन को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस तथा राजस्व विभाग की टीम ने मर्ग कायम करने तथा दूसरी कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद मृतकों के शव परिजनो को सौंप दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते रविवार की शाम करीब 7.00 बजे अंचल का मौसम अचानक खराब हो गया। जिसके चलते आसमान में काले बादल छा गए और देखते ही देखते तेज गर्जना के साथ बेमौसम बारिश शुरू हो गई। बताया जाता है कि अचानक तेज गर्जना के साथ शुरू हुई बेमौसम बारिश को देखते हुए ग्राम सिंगारपुर निवासी हेमलाल पटेल आयु 32 वर्ष अपनी पत्नी चैती पटेल आयु 30 वर्ष के साथ अपने खेत में रखी प्याज को बारिश से बचाने के लिए घर से निकले और प्याज को तिरपाल से ढकने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन इसी दौरान आसमान से भीषण गर्जना के साथ ऐसा बज्रपात हुआ की हेमलाल और चैती उसकी चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। आसपास के लोग जब बिजली गिरने की तेज आवाज सुनकर बाहर निकले और उन्होने मौके पर पहुंचे तो दोनो दम्पत्ति की मौत हो चुकी थी। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने तत्काल कवर्धा पुलिस को दी। सूचना पाते ही मौके पर कवर्धा पुलिस और राजस्व विभाग की टीम पहुंच गई। जिसने मर्ग कायम करने के बाद शव परिजनो को सौंप दिया वहीं राजस्व विभाग की टीम ने कानूनी औपचारिकताएं पूरी की।

इस अत्यंत दुखद और हृदयविदारक घटना से ग्राम सिंगारपुर में शोक व्याप्त है। शाम करीब 7 बजे के आसपास अचानक मौसम बिगड़ गया और तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने लगी। इसी दौरान अपने खेत में रखे प्याज को बारिश से बचाने के लिए पहुंचे एक दंपति की मौके पर ही आकाशीय बिजली गिरने से दोनों पति और पत्नी की मौत हो गई।

### पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद देने की शासन से मांग



इस घटना के सामने आने के बाद ग्रामीणों और परिजनों ने शासन से आर्थिक सहायता की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक दम्पत्ति अपने पीछे छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं, जिनके भविष्य को लेकर ग्रामीणों में गहरी चिंता है। वहीं ग्राम सरपंच ने कहा कि यह हमारे गांव के लिए अत्यंत दुखद घटना है। उन्होने कहा कि हेमलाल और चैती बहुत मेहनती और मिलनसार दंपति थे। हम शासन से अपील करते हैं कि उन्हें नियमानुसार उचित मुआवजा और उनके बच्चों की देखरेख की व्यवस्था की जाए। ग्रामीणों ने मांग की है कि शासन इस घटना को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करे एवं बच्चों की शिक्षा और भरण-पोषण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।



### आसमान से लगातार बरस रही है आफत, महीनेभर में 6 की मौत

यहां बताना लाजिमी होगा कि अंचल का मौसम बीते कई दिनो भारी उत्पात मचा रहा है। देखा जाए तो इन दिनो आसमान से आफत ही बरस रही है। अगर मौसम साफ रहा तो तेज धूप और भीषण गर्मी से लोग हलाकान और परेशान नजर आते हैं और अगर मौसम बदला तथा इस बदले मौसम में बारिश होती है तो इस बेमौसम बारिश के साथ तेज आंधी तूफान तथा आकशीय बिजली लोगों के लिए जीवलेवा साबित हो रही है। एक जानकारी के मुताबिक बीते महिनेभर के भीतर की जिले में करीब आधा दर्जन लोगों की मौत आकाशीय बिजली के चलते हो चुकी है। ऐसे में बेहतर यही होगा कि लोगों को खराब मौसम के बीच घरों से बाहर निकलने और विशेषकर पेड़ों के नीचे खेतों आदि से दूर रहना चाहिए।

# 114 पौवा देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार




- मुखबिर की सूचना पर स. लोहारा पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭स. लोहारा

अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए स. लोहारा पुलिस ने थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिल्हाटी में दबिस देकर अवैध रूप से शराब बिक्री करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्त में आए आरोपी के पास से 114 पौवा देशी राब जप्त की है। आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रविवार को मुखबिर के जरिए थाना प्रभारी स. लोहारा निरीक्षक लालमन साव तथा सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा एवं सायबर टीम कबीरधाम को जानकारी मिली थी कि ग्राम सिल्हाटी स्थित मुन्ना कबाड़ी दुकान में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। इस सूचना के आधार पर तत्काल एक टीम ने आरोपी की दुकान में दबिश दी और तलाश के दौरान मौके से एक खाकी रंग के कागज के कार्टून में 96 पौवा देशी प्लेन शराब तथा एक सफेद प्लास्टिक बोरी में रखी 18 पौवा देशी प्लेन शराब जप्त कर ली। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पियुष बघेल पिता मुन्ना बघेल उम्र 18 वर्ष 13 दिन निवासी लाखाटोला थाना स. लोहारा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से अवैध शराब बिक्री से प्राप्त 530 रूपए की नगदी रकम भी जप्त की है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। इस कार्यवाही में साइबर सेल से प्रधान आरक्षक अभिनव तिवारी, आरक्षक संदीप शुक्ला, शिवा भार्गव, रवि आदिले और नारायण पटेल के सराहनीय भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 23 मई को

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो, निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम कार्यालय परिसर में 23 मई 2025 दिन शुक्रवार को 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अलर्ट एसजीएस प्राईवेट लिमिटेड, चतुर्थ तल, प्रोग्रेसिव प्वाईंट, फल मार्केट के पास, लालपुर, रायपुर द्वारा पद सिक्यूरिटी गार्ड (पुरूष) के 212 पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 02 पद, मार्केटिंग (पुरूष) के 03 पद और सुपरवाईजर के 15 पद पर भर्ती किया जाना है।

### विपत्तिग्रस्त परिवार को आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत 8 विपत्तिग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रुपए की मान से 32 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है। ग्राम कड़मा निवासी रामप्यारी कुचराम की सर्पदंश से मृत्यु, कुई निवासी अमरू पड़वार, ग्राम बदना निवासी ननकी बाई, ग्राम रोखनी निवासी गजानंद यादव, ग्राम घानीखुंटा निवासी बिसरू मेरावी की पानी में डूबने से मृत्यु, ग्राम हरमो निवासी दामिनी, ग्राम धमकी निवासी बरखा पारधी की सर्पदंश से मृत्यु हो जाने और ग्राम दलसाटोला निवासी पुष्पाबाई की नदी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर परिवार को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी।

# एनकेजे बायोफ्यूल प्राईवेट लिमिटेड राम्हेपुर को कुर्की का नोटिस

## संस्था की जंगम संपत्ति कुर्की की प्रक्रिया प्रारंभ



- जल्द तय हो जाएगा एनकेजे बायोफ्यूल प्राईवेट लिमिटेड राम्हेपुर का भविष्य तय

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रबंध संचालक एनकेजे बायोफ्यूल प्राईवेट लिमिटेड राम्हेपुर जिला कबीरधाम की मुसीबतें लगातार बढ़ती दिखाई दे रही है।

एक तरफ जहां प्रबंध संचालक एनकेजे बायोफ्यूल प्राईवेट लिमिटेड राम्हेपुर पर अमानक पोटाश खाद निर्मित करने का गंभीर आरोप लगा है वहीं अब न्यायालय तहसीलदार बोड़ला जिला-कबीरधाम द्वारा प्रबंध संचालक एनकेजे बायोफ्यूल प्राईवेट लिमिटेड राम्हेपुर को कुर्की का नोटिस थमाया गया है और इसकी प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। बताया जाता है कि प्रबंध संचालक, भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा द्वारा न्यायालय तहसीलदार बोड़ला जिला-कबीरधाम के समक्ष पत्र क्रमांक/42/श.का/प्रशा./2025 कवर्धा, दिनांक 17 अप्रैल 2025 को पेश कर प्रबंध संचालक एनकेजे बायोफ्यूल प्राईवेट लिमिटेड़ राम्हेपुर जिला कबीरधाम से बकाया राशि 240801827.07 (चौबीस करोड़ आठ लाख एक हजार आठ सौ सत्ताईस रूपए) की वसूली कराए जाने की अपील की गई थी। जिस पर कार्यवाही करते हुए न्यायालय तहसीलदार बोड़ला जिला-कबीरधाम ने प्रबंध संचालक, एनकेजे बायोफ्यूल प्राईवेट लिमिटेड राम्हेपुर जिला कबीरधाम से बकाया राशि 240801827.00 रूपए जमा करने नोटिस जारी किया था।

लेकिन नियत समयावधि में संबंधित फर्म द्वारा बकाया रकम जमा नहीं कराया गया है और ना ही इस संबंध में कोई जवाब पेश किया है। जिसे न्यायालय द्वारा जारी वारंट का उल्लंघन मानते हुए अब छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 147 (क) के अंतर्गत जंगम संपत्ति की कुर्की किया जाने प्रबंध संचालक एनकेजे बायोफ्यूल प्राईवेट लिमिटेड राम्हेपुर जिला कबीरधाम को नोटिस जारी किया गया है।

### जंगम संपत्ति के जांच एवं मूल्य निर्धारण के लिए दल गठित, प्रक्रिया प्रारंभ

जानकारी के मुताबिक कुर्की की कार्यवाही को तेज करते हुए प्रक्रिया को लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी कड़ी में संस्था प्रबंध संचालक, एनकेजे बायोफ्यूल प्राईवेट लिमिटेड राम्हेपुर जिला कबीरधाम के पास उपलब्ध जंगम संपत्ति के जांच एवं मूल्य निर्धारण के लिए दल का गठन भी कर दिया गया है। जिसमें यशवंत मरकाम राजस्व निरीक्षक रेगाखारकला, रवि शर्मा, पटवारी मकान नं. 26 तहसील-बोडला, विजय टोंडर, पटवारी मकान नं. 27 तहसील-बोड़ला, रामकुमार धुर्वे, पटवारी ह.नं. 28 तहसील बोड़ला, दीपकुमार साहू, पटवारी ह.नं. 13 तहसील-बोडला, सदीप पाण्डेय, पटवारी हन. 01 तहसील रेंगाखारकला सहित कुल 17 सदस्य शामिल हैं। न्यायालयीन आदेश के तहत इस गठित दल ने गत 17 मई को संबंधित संस्था में पहुंचकर अपने दायित्वों का निर्वाहन भी किया है और अब आगे की प्रक्रिया जारी है।

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से गांवों की बदल रही तस्वीरः डॉ. वीरेन्द्र साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत नवघटा के पथर्रिपारा में बीते रविवार को विकास एवं निर्माण कार्य के तहत भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत के सभापति एवं जिला भाजपा के उपाध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र साहू उपस्थित थे।

मुख्यअतिथि श्री साहू द्वारा कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा ग्राम नवघटा के पथर्रिपारा में स्वीकृत 6.50 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए डॉ. वीरेन्द्र साहू ने कहा कि कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा विधानसभा कवर्धा के ग्रामीण अंचलों के समुचित विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और ग्रामीणों की मांग व आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए लगातार विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान कर गांव-गांव में विकास की गंगा बहाई जा रही है। उन्होने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के महज करीब 16 महिनो में ही विधानसभा कवर्धा के दर्जनों ग्रामों में करोड़ों रूपए के छोटे बड़े विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा कवर्धा विधायक विजय शर्मा के प्रयासों से प्राप्त हुई। जिसमें अधिकांश कार्य अब मूर्तरूप भी लेने लगे हैं और कई विकास एवं निर्माण कार्यो का लोकार्पण भी हो चुका है।




उन्होने कहा कि निश्चित रूप से भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार बनने के बाद क्षेत्र में बीते पांच वर्षो से रूके पड़े विकास को गति मिली है। भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत, मंडल अध्यक्ष प्रकाश साहू, जनपद सदस्य विकास चंद्रवंशी, सरपंच सुषमा बघेल, मंडल उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, खिलेश साहू, महेतरू कश्यप, उपसरपंच झम्मन जायसवाल, रामेश्वर साहू, लोकेश साहू सहित पंचगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान में प्रवेश 10 जून तक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चांपा व बरगढ़ (ओडिशा) ने प्रवेश को लेकर शेड्यूल जारी किया है। यहां एक जुलाई से प्रारंभ होने वाले डिप्लोमा इन हैंडलूम एंड टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी के तीन वर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर व लेटरल एंट्री के आधार पर तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश दिए जाएंगे। आवेदन पत्र भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चांपा के वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन 10 जून शाम 5 बजे तक प्राचार्य भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान मड़वा प्लांट रोड लछनपुर चौक चांपा जिला जांजगीर-चांपा छत्तीसगढ़ में जमा किया जा सकता है।

### सड़क हादसा...



**कवर्धा। पंडरिया-कुकदुर मार्ग स्थित** आगरपानी के पास गेंहू से भर ट्रक खाई में गिरा कोई हताहत नहीं।

**ठाकुरदेव चौक से हाईटेक बस स्टैंड तक बन रही 11 करोड़ की सड़क का किया निरीक्षण**

# कलेक्टर ने सब्बल से खुदाई कर जांची सड़क की मजबूती



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज सोमवार को ठाकुरदेव चौक से हाईटेक बस स्टैंड तक 11 करोड़ रूपए की लागत से बन रही 4.20 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन सड़क एवं नाली निर्माण की गुणवत्ता की गहन जांच की तथा स्वयं सब्बल से खुदाई कर निर्माण सामग्री की मजबूती परखी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने दो टूक शब्दों में स्पष्ट किया कि गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित की जाए। साथ ही, उन्होंने एक टीम गठित कर कार्य की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। कबीरधाम जिले का प्रमुख नगर कवर्धा अब समृद्ध कवर्धा - सुव्यवस्थित कवर्धा मॉडल पर विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में शहर को सुव्यवस्थित, सुंदर और सुविधायुक्त बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन परियोजनाओं में ठाकुरदेव चौक से हाईटेक बस स्टैंड तक चौड़ी और पक्की सड़क निर्माण एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

### यातायात व व्यापार को मिलेगा नया आयाम

सड़क निर्माण कार्य के पूर्ण होने से शहरवासियों को ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत मिलेगी, साथ ही हाईटेक बस स्टैंड तक सुगम पहुंच भी सुनिश्चित होगी। यह मार्ग स्कूली छात्रों, व्यापारियों, यात्रियों और आम नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से न केवल शहर का यातायात तंत्र सुदृढ़ होगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों और अन्य शहरों से जुड़ने वाले मार्गों की प्रभावशीलता भी बढ़ेगी।भीतर की जिले में करीब आधा दर्जन लोगों की मौत आकाशीय बिजली के चलते हो चुकी है। ऐसे में बेहतर यही होगा कि लोगों को खराब मौसम के बीच घरों से बाहर निकलने और विशेषकर पेड़ों के नीचे खेतों आदि से दूर रहना चाहिए।

# गुरूकुल ने किया मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था गुरूकुल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10 वीं तथा 12 वीं की परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन मेघावी छात्र-छात्राओं का सम्मानित करने गत दिनो संस्था द्वारा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 12 वीं एवं कक्षा 10 वीं से प्रथम 10-10 मेघावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी योग दास साहू एवं गुरूकुल के डायरेक्टर सुचित बोथरा उपस्थित थे। शाला के प्रभारी प्राचार्य ज्ञानेन्द्र सिंह ने कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम का सारगर्भित विवरण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों की कड़े परिश्रम एवं प्रबंधन समिति के द्वारा अनुकूल शिक्षा के वातावरण के फलरूवरूप बच्चें कबीरधाम जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ ही अच्छे अंक प्राप्त करने में सफल हो पाए है साथ ही अभिभावकों का गुरूकुल विद्यालय पर विश्वास रखना तथा अध्यापकों का कठिन मेहनत करना ही इस परीक्षा परिणाम का मूल मंत्र है। विशिष्ट अतिथि, जिला शिक्षा अधिकारी योग दास साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों को अच्छे अंक प्राप्त करने के बाद अपनी मेहनत बंद नहीं करनी चाहिए बल्कि आगे आने वाली चुनौतियों से लडऩे के लिए और अधिक मेहनत करने के लिए तत्पर रहना चाहिए तथा पालकगण को चाहिए कि अपने बच्चों को उचित मार्गदर्शन समय-समय पर देते रहे। संस्था के अध्यक्ष एवं संचालकगण, प्रभारी प्राचार्य एवं शिक्षकगण ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

